>

Title: Need to take steps for desiltation caused by river Bagmati between Belsand and Runnisaidpur in district Sitamarhi, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय सभापति महोदय, मेरे लोकसभा क्षेत्र शिवहर के सीतामढ़ी जिला अंतर्गत नेपाल से निकलने वाली बागमती नदी के जल प्रवाह से बेलसंड से रुन्नीसैदपुर तक लगभग 15 किलोमीटर लंबे एवं चार किलोमीटर चौड़े कृषि एवं आवासीय क्षेत्र में निरंतर जल बहाव एवं जल जमाव से लगभग 50,000 आबादी एवं 12,000 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि पानी में डूबी हुई है। इस इलाके के किसान एवं आम लोग प्राकृतिक यातना से पीड़ित हैं। जीविका एवं आवास से महरूम यहां के लोग विस्थापित जीवन व्यतीत कर रहे हैं। बागमती नदी प्रत्येक वर्ष बाढ़ के साथ-साथ जल के प्रवाह में बड़े पैमाने पर उक्त क्षेत्र में सिल्ट लेकर आती है तथा बागमती तटबंध की क्षमता घटती जा रही है तथा 15 किलोमीटर क्षेत्र में जल जमाव सालों भर बना रहता है। मैं सदन के माध्यम से मंत्री महोदय से अनुरोध करती हूं कि बेलसंड से रुन्नीसैदपुर तक होने वाले जल प्रवाह एवं जल जमाव के निस्सरण हेतु कारगर एवं स्थायी कदम उठाए जाएं जिससे उक्त इलाके की भूमि कृषि योग्य बन सके तथा किसानों की दयनीय स्थिति में सुधार हो। यहां के लोग भुखमरी की कगार पर हैं। धन्यवाद।